an>

Title: Need to mint adequate number of coins as also printing of small denomination of currency notes.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) : आजकल गुजरात एवं देश के अन्य भागों में सिक्के की कमी महसूस की जा रही है जिसके चलते आम आदमी को बड़ी मुसीबत उठानी पड़ रही है। इस परिस्थिति का लाभ उठाकर व्यापारियों द्वारा शेष बचे रूपये, छुट्टे पैसे न होने पर ग्राहकों को नहीं देना और फटे नोटों को टेप चिपकाकर थमा देना इत्यादि व्यवहार हो रहे हैं। कई जगह पर तो प्रिन्टेड कूपन अस्तित्व में है, जो सिक्कों की जगह लेते हैं। यह सिस्टम बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है।

मेरी केन्द्र सरकार से दरख्वास्त है कि इस संवेदनशील विषय एवं देश की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए नये सिक्कों को बनाया जाए एवं नोटों में भी कम कीमत के नोटों को भी छापा जाये।